Hindustan - New Delhi - 09 - 02- 2011

# जामिया में शुरू होगा एमएससी-पीएचडी कोर्स

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली

इस सत्र से जामिया हमदर्द में एमएससी-पीएचडी का संयुक्त कोर्स शुरू कर दिया जाएगा। इससे छात्र यूनानी, आयुर्वेद में एमएससी प्रोग्राम के साथ पीएचडी प्रोग्राम भी कर सकेंगे। जबकि गत वर्ष जामिया हमदर्द ने आधुनिक चिकित्सा में एमएससी /पीएचडी प्रोग्राम शुरू कर दिया था।

जामिया हमदर्द के कुलपति डा. जी.एन.काजी ने बताया कि यूनानी मेडिसन में एमएससी-पीएचडी इस जुलाई से शुरू हो जाएगा। इस कोर्स को शुरू करने का मकसद है कि इस क्षेत्र में शोध को बढ़ावा मिलें। यूनानी कोर्सों के भविष्य के लिहाज से ये बेहतर कदम साबित होगा। इस कोर्स में दाखिला प्रवेश परीक्षा के द्वारा होगा। इसमें यूनानी, बीयूएमएस, बीएएमएस, आयुर्वेद केस्नातक छात्र बैठ सकते हैं। प्रो. काजी ने बताया कि विवि रेनबैक्सी के साथ करार कर चुका है। प्रो. काजी ने बताया कि जुलाई से विवि में एमबीबीएस की पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। इस बावत जामिया को दिल्ली मेडिकल काउंसिल से मंजूरी मिल गई है। जुलाई 2011 से शुरू होने जा रहे इस कोर्स में सीटों की संख्या 100 होगी। इसमें से 50 प्रतिशत सीट ओपन मेरिट के आधार पर और 50 प्रतिशत सीट अल्पसंख्यकों के लिए होगी।